दैनिक भास्कर
बिलासपुर भास्कर 26-06-2025

# जस्टिस नायक को हाई कोर्ट में दी गई श्रद्धांजलि



बिलासपुर| हाई कोर्ट के पूर्व सीजे जस्टिस एसआर नायक को बुधवार को श्रद्धांजलि दी गई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और सभी जजों ने न्याय के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। बुधवार दोपहर 3:30 बजे शोकसभा का आयोजन किया गया। सीजे सिन्हा ने उनके योगदान को करते हुए कहा कि वे 17 नवंबर 2005 से 31 दिसंबर 2006 तक छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस रहे। उनका पूरा जीवन न्याय, सेवा और नैतिक मूल्यों की मिसाल रहा। सीजे ने उनके निधन को न्यायपालिका के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। इस दौरान हाई कोर्ट के सभी जज, महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत, डिप्टी सालिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा, हाई कोर्ट अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उमाकांत चंदेल समेत बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।